हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 16 दिसंबर 2025


तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री




14 सरपंच ने मितानिनों और रसोइयों का साड़ी व ...



14 चार गांवों के 250 बच्चे और माताओं ने लिया हिस्सा




**खबर संक्षेप**

## समय सागर महाराज से मिले प्रकाश मोदी, प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की



**भाटापारा।** संत शिरोमणि आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज के समाधि के पश्चात नवाचार्य आचार्य समय सागर महाराज शाहपुरा भटौनी जबलपुर के पास विराजमान है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य एडवाइजरी पैनल भारत सरकार, छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष, प्रकाश मोदी ने पूज्य समय सागर महाराज के दर्शन कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्य श्री जी से चर्चा करते हुए प्रकाश मोदी ने भारतवर्ष के जैन तीर्थ आ रही समस्याएं, आचार्य विद्यासागर जी के नाम से रायपुर-जबलपुर ट्रेन का नाम रखा जाए। इस पर भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी में इंडिया की जगह भारत लिखा जाए। इस पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। प्रकाश मोदी ने आचार्य श्री को आश्वस्त किया की आपसे हुई चर्चा को संबंधित मंत्री, गृहमंत्री, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास पहुंच कर सफल करने में प्रयास करूंगा। प्रकाश मोदी के साथ अनिल जैन शाहपुरा, डॉक्टर नीलेश जैन, ब्रह्मचारी दीपक अमरकंटक, नरेंद्र जैन अध्यक्ष शाहपुरा आदि प्रमुख ने भी गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# विवाह का झांसा देकर संबंध बनाने वाले दोषी को 5 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

अपर सत्र न्यायाधीश सतीश कुमार जायसवाल ने शादी का झूठा वादा कर 8 वर्षों तक एक महिला से शारीरिक संबंध बनाने और फिर धोखा देकर दूसरी शादी करने के मामले में एक व्यक्ति को 5 साल का कठोर कारावास और आर्थिक दंड सुनाया है।

- विवाह का पंजीयन से करता रहा इंकार

कुछ दिन बाद आरोपी भूमिया गांव की किसी अन्य लड़की से शादी करने के लिए सगाई कर लिया। पीड़ित को जानकारी होने पर उसने आरोपी को फोन कर जानकारी लेना चाही, लेकिन आरोपी द्वारा कोई जानकारी नहीं दी, बल्कि आरोपी और उनके परिवार वाले पीड़ित के घर जाकर उससे गाली गलौच करते हुए मारपीट किए, जिसकी शिकायत आवेदन पुलिस अधीक्षक से करने पर आरोपी को थाना भाटापारा ग्रामीण में बुलाकर पूछा गया, तब शादी का रजिस्ट्रेशन कराने का आश्वासन दिया, किन्तु आरोपी ने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया और कुछ दिन बाद पीड़ित को जानकारी दिये बिना दूसरी शादी कर लिया। पीड़िता की उक्त रिपोर्ट के आधार थाना भाटापारा ग्रामीण के सहायक उप निरीक्षक पुष्पा राठौर द्वारा आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में गवाहों के कथन लेख, जब्ती, नक्शा, मुलाहिजा आदि घटना की संपूर्ण विवेचना पूर्ण कर चालान न्यायालय के समक्ष पेश किया।

### शादी का प्रलोभन देकर बनाता रहा संबंध, दोनों आठ वर्षों तक रिलेशनशीप में रहे

**तरेंगा के मन्दिर में जाकर की शादी**

सिविल कोर्ट भाटापारा के अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने इस प्रकरण के बारे में बताया कि पीड़ित द्वारा इस वर्ष 28 फरवरी को थाना में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी प्रमेंद्र यदु वर्ष 2018 से 14 फरवरी 2025 तक लगातार 8 वर्षों तक शादी का प्रलोभन देकर उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन शारीरिक संबंध बनाया। पुलिस द्वारा आरोपी को थाना बुलाये जाने पर वह पीड़ित के साथ पिछले 8 वर्ष से रिलेशनशीप में रहने की बात स्वीकारते हुए इस 17 फरवरी को तरेंगा स्थित मन्दिर में जाकर हिंदू रीति-रिवाज से आरोपी ने पीड़ित से विवाह कर लिया। आरोपी को पीड़ित द्वारा शादी का पंजीयन कराने बोलने पर 28 फरवरी तक करा लेने का आश्वासन दिया, किंतु नहीं कराया। पुनः पंजीयन हेतु बोलने पर आरोपी द्वारा पीड़ित से कुछ पेपरों में उसका हस्ताक्षर कराया तथा उसे जान से मारने की धमकी देते हुए आश्लील गाली गलौच कर मारपीट करते हुए बोला की जो करना है कर ले, मेरा केस खत्म हो गया है कहते हुए अपने घर से निकाल दिया।

**1000 रुपए अर्थदंड देना होगा**

अपर सत्र न्यायालय में सभी गवाहों के साक्ष्य लेखबद्ध किया गया तथा अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने अंतिम बहस में ऐसे अपराध के लिए आरोपी को कठोर दंड दिये जाने का निवेदन किया, ताकि और कोई भी आरोपी इस प्रकार का अपराध न करें। अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करते हुए आरोपी प्रमेंद्र यदु पर नये बने कानून भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत अपराध किया जाना सिद्ध हुआ, इसलिए आरोपी प्रमेंद्र यदु को बीएनएस की धारा 69 के अंतर्गत 5 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया तथा सजा वारंट कर उसे दंड भुगतने जिला जेल बलौदाबाजार भेजा गया। शासन की ओर से प्रकरण की पैरवी अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने एवं प्रकरण की विवेचना थाना भाटापारा ग्रामीण के सहायक उप निरीक्षक पुष्पा राठौर द्वारा किया गया है।

### कार्रवाई : राजस्व विभाग, खाद्य विभाग और मंडी की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

# अवैध धान भंडारण : 233 बोरी धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा कड़ी निगरानी एवं अवैध धान पर जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को धान खपाने की नीयत से रखे बिचौलिए का 233 बोरी अवैध धान संयुक्त टीम द्वारा जब्त किया गया।

जानकारी के अनुसार संयुक्त टीम को सूचना मिली कि विकासखंड पलारी के ग्राम साराडीह में नीलेश ट्रेडर्स दुकान के सामने धान दूसरे खाते में खपाने के लिए रखा गया है। सूचना के आधार संयुक्त टीम ग्राम साराडीह पहुंचकर मौके पर रखे 233 बोरी अवैध धान जब्त किया गया।

तहसील लवन अंतर्गत राजस्व एवं मंडी टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए ग्राम डमरू में फुटकर व्यापारी संजय साहू से 55 बोरी, गिरीश साहू से 26 बोरी, हनी जायसवाल से 30 बोरी धान अवैध पाये जाने पर जब्त किया गया। जब्त किये गये धान को ग्राम कोटवार को सुपुर्द किया गया। तहसील बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम कोलियारी के हेमिन मंडावी किराना दुकान से 55 कट्टा अवैध धान को जब्त कर ग्राम कोटवार को सुपुर्द किया गया।कार्रवाई के दौरान एसडीएम पलारी दीपक निकुंज, तहसीलदार लवन पेखन टोंड्रे, नायब तहसीलदार हमेश साहू सहित मण्डी बोर्ड के अधिकारी मौजूद थे।

**उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की लिमिट बढ़ी**

बलौदाबाजार। कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को खाद्य, सहकारिता, कृषि एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की लिमिट 1 लाख 36 हजार क्विंटल से बढ़ाकर 1 लाख 82 हजार क्विंटल कर दी गई है, जिससे एक दिन में अधिक किसान धान बेच सकेंगे। उन्होंने उपार्जन केंद्रों से धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि किसानों से अतिरिक्त रकबा समर्पण अवश्य कराएं, ताकि शेष रकबा में अन्य किसी का धान बिक्री हेतु उपार्जन केन्द्र ना आए। उन्होंने डीओ के विरुद्ध धान उठाव की समीक्षा करते हुए अधिक संख्या में ट्रक लगाने एवं उठाव में तेजी लाने कहा। इसके साथ ही मिलर्स पर निगरानी रखने के भी निर्देश दिये। चेक पोस्ट सहित संयुक्त टीम द्वारा सतत निगरानी और अवैध धान पर कार्रवाई के निर्देश दिये। बताया गया कि जिले के सभी 166 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी जारी है एवं अब तक 48248 किसानों से 220762 मेट्रिक टन धान खरीदी हुई है। इसके साथ ही 22823 किसानों का लगभग 362 हेक्टेयर रकबा समर्पण कराया गया है। जिले के 116 उपार्जन केंद्रों से डीओ के विरुद्ध धान उठाव शुरू हुआ है। अब तक 74813 मेट्रिक टन धान उठाव के लिए डीओ कटा है, जिसके विरुद्ध 35789 मेट्रिक टन धान का उठाव हुआ है।



# मितानिनों ने की 16 नए कुष्ठ मरीजों की पहचान



**गोपालपुर।** सीएमएचओ डॉ. एफ आर निराला के मॉनिटरिंग पर जिले से कुष्ठ भगाने की तैयारी की गई है। इसके अंतर्गत कुष्ठ बीमारी की सघन जांच खोज अभियान चलाया गया। खोज अभियान 8 दिसंबर से प्रारंभ हुआ, जो 13 दिसंबर तक चला। 6 दिनों में 203611 लोगों की जांच की गई है। इसमें पाए 490 शंकाप्रद मरीज में से 168 का सत्यापन हो चुका है। अब तक के सत्यापन में कुल 16 नए कुष्ठ मरीज की पहचान की गई। इसमें 7 मरीज पीबी के है तथा 9 मरीज एमबी कैटेगरी हैं। इन सबका उपचार प्रारंभ हो चुका है।

मितानिन अपने पारा मोहल्ला के प्रत्येक घर में जाकर 2 वर्ष के बच्चे को छोड़कर अन्य सभी व्यक्ति की जांच किए। लक्षण के आधार पर शंकाप्रद मरीज को ढूंढ कर ऐसे व्यक्तियों की सूची तैयार किए है। इस सूची को अपने एमटी, प्रभारी डॉक्टर आरएचओ या सीएचओ के माध्यम से प्रारंभिक जांच कर सूची को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दे रहे हैं। मेडिकल ऑफिसर इन सूचीबद्ध मरीजों को बुला कर इसकी सत्यापन करेंगे। कुष्ठ की पुष्टि होने पर उनका पंजीयन किया जाएगा। दस्तावेजी कार्रवाई के बाद इनको सुपरवाइजरी डोस खिलाएंगे और उन्हें एमडीटी दवा देंगे। मरीज को अगली दवाई की स्ट्रिप उन्हें मितानिन के माध्यम से उन्हें अपने गांव में हो मिल जायेगी। इसे सभी मरीजों को अच्छे काउंसलिंग करनी चाहिए। आम जनता से निवेदन है कि आप सभी अपनी जांच करा कराए।

## संस्कृत के नवीन पाठ्यक्रम को समझने शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

विकासखंड स्त्रोत केंद्र द्वारा कक्षा छठवीं से आठवीं तक संस्कृत विषय अध्यापन करने वाले शिक्षकों के लिए हाई स्कूल तुलसी, तिल्दा में पांच दिवसीय ऑफलाइन प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य नवीन संस्कृत पाठ्यक्रम की प्रभावी समझ विकसित करना तथा शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक रोचक एवं व्यवहारिक बनाना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर अरविंद पुष्पकार, सुश्री वंदना शर्मा एवं शोभना वैष्णव द्वारा संस्कृत के नवीन पाठ्यक्रम, शिक्षण विधियों तथा कक्षा कक्ष में उनके व्यावहारिक उपयोग पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षकों ने सरल एवं रोचक गतिविधियों के माध्यम से विषयवस्तु को स्पष्ट किया, जिससे शिक्षकों को अध्यापन में नवीन दृष्टिकोण प्राप्त हुआ। पूर्व माध्यमिक शाला पचरी के शिक्षक युगल किशोर वर्मा ने बताया कि यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी रहा। प्रशिक्षण के दौरान संस्कृत के नवीन पाठ्यक्रम से संबंधित अनेक नई जानकारियां प्राप्त हुईं, जो शिक्षण कार्य में प्रत्यक्ष रूप से सहायक सिद्ध होंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकगण हेमा वैष्णव, जीवनलाल वर्मा, सुनीता वर्मा, संजय यादव, जीरा उपाध्याय एवं विकास शर्मा की विशेष सहभागिता रही। सभी शिक्षकों ने प्रशिक्षण को ज्ञानवर्धक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।



## फील्ड टेस्ट किट से कर्मचारियों ने सीखी पानी में फ्लोराइड, आयरन और नाइट्रेट जांचने की विधि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत बलौदाबाजार में फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जिला जल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में बलौदाबाजार ब्लॉक के जल वाहिनी शामिल हुए।प्रशिक्षण सत्रों के दौरान प्रतिभागियों को फील्ड टेस्ट किट द्वारा जल में फ्लोराइड, आयरन, नाइट्रेट, पीएच, टर्बिडिटी एवं अवशिष्ट क्लोरीन जांच की व्यावहारिक विधि की जानकारी दी गई। साथ ही जल स्त्रोत संरक्षण, जल गुणवत्ता निगरानी, पेयजल योजनाओं के दिशा-निर्देशों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ▶▶ शेष पेज 14 पर

**सुदृढ़ करने पर अधिकारियों ने दिया जोर**

कार्यक्रम में जनपद सीईओ पीसी पटेल ने पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच तथा फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से ग्राम स्तर पर जल गुणवत्ता की त्वरित पहचान पर जोर देते हुए इससे आमजन को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में सहायक बताया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सब इंजीनियर कली राम पैकरा ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जिले में जल गुणवत्ता निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ होने और ग्राम स्तर पर सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही। कार्यक्रम में जिला लैब केमिस्ट श्रुति, जिला परियोजना समन्वयक राजकुमार कोसले, मंजु गायकवाड व ग्रामीण जन उपस्थिति थे।

### ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया और प्रकृति संरक्षण का लिया संकल्प

# राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर जन-जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर बलौदाबाजार वनमण्डल अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर ऊर्जा संरक्षण को लेकर व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल तुरतुरिया में ऊर्जा संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ, जिसमें पर्यटकों एवं आमजन को आकर्षित करने विभिन्न स्थानों पर बैनर एवं सेल्फी पॉइंट की स्थापना की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को ऊर्जा संरक्षण के महत्व से अवगत कराते हुए शपथ दिलाई गई तथा दैनिक जीवन में ऊर्जा की बचत से जुड़े व्यवहार अपनाने का संदेश दिया गया।

इसके साथ ही बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में भी राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उपस्थित जनसमूह को ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग, अनावश्यक विद्युत खपत से बचाव, एलईडी बल्बों एवं ऊर्जा दक्ष उपकरणों के प्रयोग तथा नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाने के महत्व की जानकारी दी गई। उपस्थितजनों को यह संदेश दिया गया कि छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण कर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। कार्यक्रम का समापन ऊर्जा संरक्षण की सामूहिक शपथ के साथ किया गया। इस आयोजन में वनमण्डलाधिकारी ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है और इसके प्रति जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में ऊर्जा बचत के उपाय अपनाए, तो न केवल प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होगा, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी सहायता मिलेगी।

कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी बल्दाकछार, परिक्षेत्र सहायक परसदा, परसदा परिवृत्त के समस्त परिसर रक्षी, संयुक्त वन प्रबंधन एवं पर्यटन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, वन प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि, सुरक्षा श्रमिक, स्थानीय ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में पर्यटक उपस्थित थे।


हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सद्दू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति हृदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण**- 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण**- 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण**- 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि













संकलनकर्ता - दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें....मो. 9926204007





सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता
के प्रतिबिंब दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION






श्री टंकराम वर्मा
मंत्री, छ.ग. शासन खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता
के प्रतिबिंब दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION






श्री गौरीशंकर अग्रवाल
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष

सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता
के प्रतिबिंब दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION






श्री प्रमोद शर्मा
प्रदेश प्रवक्ता - भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता
के प्रतिबिंब दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION






श्री अशोक जैन
अध्यक्ष- नगर पालिका परिषद, बलौदा बाजार






सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
12 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
शोले री रीलीज
शो समय - 11:45 PM
धुरंधर
शो समय - 12:00,3:00, 6:45, 9:00 PM
किस किस को प्यार करू- 2
शो समय - 3:45 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# मुड़पार-संडी बंगला में निकाली गई सतनाम संदेश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडीबंगला

मुड़पार संडी बंगला में सोमवार को सतनाम पंथ की आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब पूरे क्षेत्र में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा सतनाम भवन से प्रारंभ होकर गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़ी। शोभा यात्रा में खरतोरा ध्वज के साथ सात झंडे धारण किए श्रद्धालु बाबा गुरु घासीदास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाते हुए झूमते-नाचते नजर आए। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। वातावरण सतनाम के जयघोष से गूंजता रहा। राज धूमाल पार्टी की सजीव प्रस्तुति ने शोभा यात्रा में विशेष आकर्षण जोड़ा, जहां धूमाल की थाप पर श्रद्धालु बाबा जी के संदेशों को आत्मसात करते हुए उत्साहपूर्वक नृत्य करते दिखाई दिए।आयोजक समिति ने सभी कलाकारों, दलों, श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। संडी बंगला क्षेत्र में आयोजित इस शोभा यात्रा लंबे समय तक लोगों की स्मृतियों में बनी रहेगी। इस अवसर पर महेंद्र सुरतांगे, हेमेश चेरियन, अजय मारकंडे, हर्ष चेलक, दोइश चेरियन, नितेश टंडन, तिलोचन चतुर्वेदी, देव प्रसाद मारकंडे, राजू मनहरे, मनीष सोनकेवरे, संदीप चतुर्वेदी, मंजित चतुर्वेदी, शुभम चेरियन, विक्रम टंडन, अनास, अरमान, सुमित, आदि उपस्थिति रहे।





### आदर्श अखाड़ा दल ने किया पारंपरिक प्रदर्शन

इस अवसर पर आदर्श अखाड़ा दल भैंसा द्वारा पारंपरिक अखाड़ा प्रदर्शन किया गया, जिसने लोगों का मन मोह लिया। वहीं सत के पुकार पंथी पार्टी वटगन ने अपने भजन, गीत और संदेशों के माध्यम से सतनाम पंथ की विचारधारा, सत्य, अहिंसा और मानवता का संदेश दिया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने शोभा यात्रा को और भी यादगार बना दिया।

## खबर संक्षेप

### अनिल बने पुलिस आरक्षक



**घोटिया।** ग्राम मारो सोनिकापार निवासी अनिल जॉन बर्मन का पुलिस आरक्षक पद पर चयन हुआ। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता को दिया। चयन की खबर मिलते ही परिवार और मित्रों में खुशी की लहर दौड़ गई।परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने फूल-माला पहनाकर, गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर उनका सम्मान किया। तैयारी के दिनों को याद करते हुए अनिल ने बताया कि उन्होंने कड़े अनुशासन का पालन किया। प्रतिदिन सुबह उठकर दौड़-भाग और शारीरिक अभ्यास करते थे, जिसका लाभ उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा में बेहतर अंकों के रूप में मिला। वहीं लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए वे रोजाना 10 से 12 घंटे लाइब्रेरी में अध्ययन करते थे। नींद और आराम का त्याग कर उन्होंने अपने लक्ष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

### चंद्रकांत को पीएचडी की उपाधि



**गोपालपुर।** ग्राम पंचायत भिनोदा निवासी चंद्रकांत सोनवानी ने शिक्षा और शोध के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग के प्रथम दीक्षांत समारोह में डॉक्टर ऑफ फिलोसॉफी (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त कर परिवार बल्कि के साथ सतनामी समाज और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। चंद्रकांत सोनवानी ने गुरु घासीदास एवं सतनाम संदर्भित साहित्य दर्शन जैसे अत्यंत गंभीर, सामाजिक और आध्यात्मिक महत्व वाले विषय पर अपना शोधकार्य हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. बिंदु सिंह के कुशल निर्देशन में पूर्ण किया। उनका यह शोध गुरु घासीदासजी के मानवतावादी विचारों, सत्य, अहिंसा और समानता के संदेश को साहित्यिक दृष्टि से नई पहचान देता है। पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर सतनामी समाज, ग्राम भिनोदा सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है।

पेज 11 का शेष

### फील्ड टेस्ट किट से...

प्रतिभागियों को हैंड्स-ऑन प्रैक्टिकल डेमो के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उत्कृष्ट सहभागिता एवं कार्य करने वाले जल वाहिनी को फील्ड टेस्ट किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद सीईओ पीसी पटेल ने पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच तथा फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से ग्राम स्तर पर जल गुणवत्ता की त्वरित पहचान पर जोर देते हुए इससे आमजन को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में सहायक बताया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सब इंजीनियर कली राम पैकरा ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जिले में जल गुणवत्ता निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ होने और ग्राम स्तर पर सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही।

**न्यायालय तहसीलदार, सुहेला जिला बलौदाबाजार - भाटापारा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. .......... ब/121/2025
ग्राम हिरमी प.ह.नं. 41

एतद एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया गया आवेदक गरीबदास पिता श्री मंगलदास जाति सतनामी निवासी ग्राम हिरमी तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं । आवेदक के बड़े भैया अमीरदास का मृत्यु दिनांक 04/01/1965 को स्थान हिरमी मे हुआ हैं। भुलवश ग्राम पंचायत हिरमी मे मृत्यु पंजीयन दर्ज नही करा पाये थे। जिसके कारण आवेदक के बड़े भैया अमीरदास का मृत्यु दिनांक 04/01/1965 का मृत्यु पंजीयन दर्ज किये जाने हेतु सचिव ग्राम पंचायत को आदेशित किये जाने का निवेदन किया हैं। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 23.12.2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार सुहेला

## सीसी रोड निर्माण के लिए पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने किया भूमि पूजन

# 10.72 लाख में होगा सड़कों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने मुंशी स्माईल वार्ड 23 में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

उक्त निर्माण कार्य अंतर्गत चंद्रिका सेन से सौरापारा तक तथा सुरदास मंदिर से झरना तक सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा, जिसकी कुल लागत क्रमशः 1.98 लाख एवं 3.08 लाख निर्धारित है। वहीं सदर वार्ड में जमात खाना गली में 5.66 लाख की प्रस्तावित सीसी रोड निर्माण कार्य के शुभारंभ अवसर पर आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में भी सम्मिलित होकर विधिवत भूमिपूजन किया गया। यह सड़क निर्माण कार्य वार्डवासियों के आवागमन को सुगम बनाएगा तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शिवरतन शर्मा ने कह नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण हमारी प्राथमिकता रही है। सीसी रोड निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा नगरवासियों की आवश्यकताओं को केंद्र में रखते हुए विकास कार्यों को योजनाबद्ध एवं तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है। सीसी रोड निर्माण कार्य वार्डवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करेगा तथा दैनिक जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाएगा। इस अवसर पर संबंधित वार्डों के नागरिकों सहित जनप्रतिनिधि एवं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा का शिवरतन शर्मा ने किया अनावरण



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह को उनके बलिदान दिवस पर ग्राम खोखली में याद किया गया। इस अवसर पर भाजपा छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण एवं माल्यार्पण किया। शिवरतन शर्मा ने कहा कि राष्ट्र व समाज के नव निर्माण में आदिवासी समाज के अमर शहीदों एवं महापुरुषों का अद्वितीय योगदान है। उन्होंने कहा कि जब-जब राष्ट्र व समाज पर विपत्ति आई है, आदिवासी समाज ने उनका डटकर मुकाबला कर विघटनकारी तत्वों को मुहतोड़ जवाब दिया। शिवरतन शर्मा ने भगवान बिरसा मुण्डा, शहीद वीर नारायण सिंह के अद्मय वीरता, साहस एवं राष्ट्र भक्ति का उल्लेख करते हुए उसे अतुलनीय बताया। इस अवसर पर कल्याण छेदइहा, बंशी नेताम, मुरीत राम छेदइहा, ईशान वैष्णव, कृपा राम छेदइहा, नरेश मंडावी,आशीष कुमार चतुर्वेदी, प्रदीप अनंत, राजू यादव, बंशी राम यादव, भगवती पटेल, जहोरिक मरकाम, पुरुषोत्तम नेताम, पुहुपराम छेदइहा, कन्हैया छेदइहा सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

## धुर्राबांधा के टूर्नामेंट में 32 टीमों ने लिया हिस्सा, मोपकी टीम ने जीती प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 के ग्राम-धुर्राबांधा में सात दिसम्बर से चल रहे टूर्नामेंट में 32 टीमों मुकाबला के बाद खिताबी मुकाबला मोपकी व मोपका के मध्य रविवार को हुआ, जिनमें मोपकी टीम ने जीत हासिल की। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति श्रीकांत राजा जायसवाल ने कहा कि खिलाड़ियों को पूर्ण अनुशासन में रहते हुए खेल को खेल भावना से खेलते हुए आगे बढ़ना चाहिए। वर्तमान में युवा परंपरागत खेलों से दूर होते जा रहे हैं, जो उनके लिए सही नहीं है। युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर उन्हें खेलों में भाग लेने प्रेरित करना चाहिए। खेलों के जरिये देश के अनेक युवाओं से बेहतर प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र व देश का नाम रोशन किया हैं, जिनसे प्रेरणा लेकर युवाओं को भी आगे बढ़ाने के लिए कठिन परिश्रम करना चाहिए। इस मौके पर सोसायटी अध्यक्ष व भाजपा ग्रमीण मंडल के उपाध्यक्ष दिनेश वर्मा, पवन वर्मा, नागेश वर्मा, हेमन्त वर्मा, अभिषेक मांडले, विक्की, राकेश, हेमलाल, सुखरतन पाल, पुनीत पटेल, पोषण, विनोद पटेल सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

## तालाब गहरीकरण में 347 मजदूरों को मिल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत इन दिनों अनेक पंचायतों में तालाब गहरीकरण सहित अन्य कार्य हो रहे हैं। इसी तरह ग्राम पंचायत तिल्दा में भी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत अमृत सरोवर नया तालाब गहरीकरण कार्य के लिए जनपद पंचायत से लगभग 20 लाख की स्वीकृति हुई है। नया तालाब गहरीकरण कार्य में पिछले 6 दिनों से 347 मजदूरों को रोजगार मिल रहा है। गांव के मजदूरों को गांव में ही काम मिलने से निश्चित ही पलायन में कमी आएगी। साथ ही मनरेगा के तहत कार्य कर रहे मजदूरों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए सरपंच प्रतिनिधि राजेश घृतलहरे, उपसरपंच अंजनी पटेल, पंच देवेंद्र साहू, एसराम साहू, अमेरिका बंजारे, राजेंद्र साहू, दयाल साहू, लता बाई, निराशा बंदे, सुनीता साहू, राधिका रजक, रामखिलावन यादव, सुकरिया डहरिया सहित पंचायत पदाधिकारियों एवं मेट संजय पटेल, मुकेश घृतलहरे, संतोष घृतलहरे, अमन पटेल, सोम पैकरा और केशव साहू ठंड के मौसम में भी सुबह से ही कार्य स्थल पर उपस्थित हो जाते हैं। सरपंच प्रतिनिधि राजेश घृतलहरे एवं पंचायत पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम पंचायत तिल्दा में 6 वर्षों से रोजगार सहायक का पद रिक्त है। पंचायत पदाधिकारियों ने शासन प्रशासन से ग्राम पंचायत तिल्दा में रोजगार सहायक की नियुक्ति करने की मांग की है।

## सोनारदेवरी महिला हितैषी पंचायत के रूप में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ डेटा वेरिफिकेशन के लिए पहुंचे अधिकारी



विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनारदेवरी का चयन महिला हितैषी पंचायत के रूप में हुआ है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधिकारी राकेश साहू ने सोमवार को ग्राम पंचायत सोनारदेवरी में डेटा फील्ड वेरिफिकेशन किया। साथ ही स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य एवं अन्य कार्यों का निरीक्षण किया गया।

बताया गया कि महिला हितैषी पंचायत अंतर्गत छत्तीसगढ़ से 4 जिलों के 4 ग्राम पंचायत का चयन किया है, जिसमें से जिला बलौदाबाजार-भाटापारा से विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत सोनारदेवरी का चयन हुआ है।

गौरतलब है कि, महिला हितैषी पंचायत एक ऐसी ग्राम पंचायत है जो महिलाओं और बालिकाओं के लिए सुरक्षित, समान अवसर और सशक्तिकरण सुनिश्चित करती है। भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय और यूएनएफपीए द्वारा इसे सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में लागू किया जा रहा है, जिसमें ग्राम सभाओं में महिलाओं की भागीदारी और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना शामिल है।

इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच महोदय, सचिव, रोजगार सहायक, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, स्कूल के प्राचार्य, आंगनबाड़ी केंद्र, आशा केंद्र के कार्यकर्ता, पीआरपी के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित मौजूद थे।

## नवीन के भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

**बलौदाबाजार।** भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रभारी व बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर जिलेभर में पार्टी कार्यकताओं में उत्साह है। पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पार्टी में नया गुरुतर दायित्व ग्रहण करने पर श्री नबीन को बधाई दी। पार्टी कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।



भाजपा के जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि नवीन ने प्रदेश सह प्रभारी, लोकसभा चुनाव प्रभारी और प्रदेश प्रभारी रहते हुए संगठन कौशल और रणनीतिक मोर्चे पर पार्टी के प्रदेशभर के कार्यकताओं में ऊर्जा का संचार कर भाजपा को लगातार विजयी बनाने में अहम्-भूमिका निभाई और अब इस भूमिका का राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार होना सुनिश्चित है। आनंद यादव ने कहा कि नवीन जमीन से जुड़ी राजनीति के प्रतीक है और इसलिए जनता जनार्दन के साथ-साथ पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से उनका जीवंत सम्पर्क है और उनकी यही संगठनात्मक विशिष्टता और प्रतिबद्धता भाजपा को एक सशक्त राजनीतिक दल के रूप स्थापित करने के लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करेगी। आनंद यादव ने कहा कि नवीन की नियुक्ति से छत्तीसगढ़ के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अभिभूत हैं। श्री नवीन के नेतृत्व में हम सबने पार्टी की रीति-नीति और संगठनात्मक दायित्वों व गतिविधियों की गम्भीरता को समझा है।

## सरपंच ने मितानिनों और रसोइयों का साड़ी व श्रीफल भेंट कर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



ग्राम पंचायत मुड़पार में स्वास्थ्य और पोषण की रीढ़ मानी जाने वाली मितानिनों और रसोइयों के लिए एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम की सरपंच यामिनी टिकेश्वर यादव ने अपनी पूरी पंचायत टीम के साथ मिलकर इन कर्मठ महिलाओं को साड़ी और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और उनकी सेवाओं की सराहना की। सरपंच यामिनी यादव ने कहा कि मितानिन और रसोइयां निस्वार्थ भाव से गांव की सेवा करती हैं, इसलिए उनका सम्मान करना पंचायत का कर्तव्य है। इन्हें मिला सम्मान कार्यक्रम के दौरान मितानिन शांति वर्मा, रोहणी वर्मा, गोदावरी वर्मा और रुबीना खान को सम्मानित किया गया। वहीं, मध्याह्न भोजन और आंगनबाड़ी में सेवाएं देने वाली रसोइयां शशि मानिकपुरी, छलिया यादव, उमा वर्मा और कालिंद्री वर्मा का भी सम्मान किया गया।इस अवसर पर पंच मोना पिंटू वर्मा, दुर्गा हेमनारायण देवांगन, लोचन अरविंद वर्मा, खिलावन यदु और सचिव सरिता वर्मा विशेष रूप से मौजूद थे।

## बिलाईगढ़ महाविद्यालय में वानस्पतिक उद्यान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र के मार्गदर्शन में वनस्पति शास्त्र परिषद द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं शैक्षणिक विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए वानस्पतिक उद्यान का शुभारंभ हुआ। इस वानस्पतिक उद्यान का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को वनस्पति विज्ञान से संबंधित व्यावहारिक एवं शोधात्मक ज्ञान उपलब्ध कराना है। वनस्पति शास्त्र परिषद द्वारा इस वानस्पतिक उद्यान के संरक्षण एवं विस्तार की जिम्मेदारी ली गई है। छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग लिया और औषधीय पौधे, फलदार पौधे, झाड़ियां एवं पौधों की विभिन्न प्रजातियों को लगाया। आज के इस पौधा रोपण कार्यक्रम में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक सुनीता विक्रम कोसले, सहायक प्राध्यापक उमाशंकर भारद्वाज, अन्नू केवरा, रंगनाथ यादव, डॉ. सुमन लता राठौर, कुसुम प्रधान, टीकाराम चौहान, लेविश कुमार, नैना निराला अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### 250 बच्चे और माताओं ने लिया प्रतियोगिता में हिस्सा

# संयत्र ने चार गांवों में लगाया स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार






अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा मातृ एवं शिशु कल्याण परियोजना के अंतर्गत ग्राम तिल्दाबांधा छिराही, रावन एवं रवेली में स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माताओं एवं बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली संतुलित पोषण एवं स्वच्छता के महत्व से अवगत कराना था। इस आयोजन में कुल 250 बच्चों एवं माताओं ने सहभागिता लिए, जिसमें ग्राम तिल्दाबांधा से 33 बच्चे, छिराही से 14 बच्चे, रावन से 55 बच्चे एवं रवेली से 23 बच्चे प्रतियोगिता में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य मापदंडों की जांच की गई तथा माताओं को शिशु के संतुलित पोषण टीकाकरण एवं स्वच्छता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों एवं माताओं को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार वितरित किए गए।

कार्यक्रम में ग्राम तिल्दाबांधा से सरपंच गंगोत्री अनिल यादव, आरएचओ अनीता चतुर्वेदी, रमेश्वर ध्रुव एवं एमटी रमा रसेल, ग्राम छिराही से सरपंच नीमा लीलेंद्र साहू, आरएचओ गौरी रात्रे, सीएचओ नीतू साहू एवं एमटी तुलसी पुरेना तथा ग्राम रावन से सरपंच अमर सिंह नेताम, उपसरपंच टाकेश्वर वर्मा, रवेली की सरपंच सरोज साहू, आरएचओ मनीषा पटेल की उपस्थिति रही। आयोजन को सफल बनाने में ग्राम तिल्दाबांधा, छिराही, रावन एवं रवेली की कुल 19 मितानिनों एवं मितानिन प्रमुख का विशेष योगदान रहा जिन्होंने माताओं एवं बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित की।कार्यक्रम में सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, सीएसआर अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय उपस्थित रहे तथा टीम से सुरेन्द्र कुमार यादव, हेमलता ध्रुव, सुनीता निषाद एवं साहिल बंधे ने कार्यक्रम के सफल संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई।

online Booking:-www.tripuryatra.com


बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411